हीरो माइंडमाइन समिट का 11वां संस्करण

मुंबई।

हीरो एंटरप्राइजेज द्वारा स्थापित माइंडमाइन इंस्टीट्यूट ने 2017 के लिए थॉट लीडरशिप कार्यक्रम की शुरुआत की है। माइंडमाइन परिचर्चा सत्र का आयोजन मुंबई में किया गया। इस संस्थान का दो दिवसीय कार्यक्रम माइंडमाइन समिट राजधानी में 20 और 21 अप्रैल को आयोजित किया जाना है। हीरो समूह के वार्षिक आयोजन माइंडमाइन समिट के 11वें संस्करण में सरकार में वरिष्ठ मंत्री, उद्योगपति और विभिन्न क्षेत्रों से विचारक अपने विचारों का आदान प्रदान करेंगे। हीरो एंटरप्राइज के चेयरमैन सुनील कांत मुंजाल ने कहा, समिट बीएमएल मुंजाल अवार्ड्स फॉर बिजनेस एक्सिलेंस थ्रू लर्निंग एंड डेवलपमेंट के साथ संपन्न होगा।